पत्रांक–9A / विविध (महा–अभियान)– 07–12 / 2025–1631 (9A) / रा0,

**बिहार सरकार**
**राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग**

प्रेषक,

मोना झा,
उप निदेशक।।

सेवा में,

सभी समाहर्त्ता,
बिहार।

पटना–15, दिनांक–22/06/2026

**विषय –** **विडियों कॉन्फ्रेंसिंग (VC) के माध्यम से विभागीय ऑनलाइन सेवाओं की प्रगति की साप्ताहिक समीक्षा के संबंध में।**

**महाशय,**

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि राजस्व महा–अभियान के तहत प्राप्त आवेदनों के निष्पादन, भूमि के दाखिल–खारिज, ''परिमार्जन प्लस'' तथा ई–मापी के आवेदनों के निष्पादन की प्रगति की समीक्षा हेतु प्रमंडलवार अपर समाहर्त्ताओं की **साप्ताहिक बैठक 04:30 बजे अपराह्न से 05:00 बजे अपराह्न तक** विडियों कॉन्फ्रेंसिंग (VC) के माध्यम से विभाग द्वारा किये जाने का निर्णय लिया गया है। उक्त के आलोक में प्रमण्डलवार बैठक का दिन निम्नवत् निर्धारित किया गया है :–

| क्र0 | प्रमण्डल का नाम | दिन |
|---|---|---|
| 1 | भागलपुर | बुधवार |
| 2 | मगध | |
| 3 | मुंगेर | |
| 4 | दरभंगा | गुरूवार |
| 5 | कोशी | |
| 6 | पटना | |
| 7 | पूर्णियाँ | शुक्रवार |
| 8 | सारण | |
| 9 | तिरहुत | |

अतएव अनुरोध है कि उक्त बैठक में अद्यतन प्रतिवेदन सहित ससमय भाग लेने हेतु अपर समाहर्त्ता को अपने स्तर से निदेशित करने की कृपा की जाय। आई0टी0 मैनेजर द्वारा सभी संबंधितों को V.C. का LINK ससमय उपलब्ध कराया जाएगा।

विश्वासभाजन

22/6/26

(मोना झा)
उप निदेशक।

कृ0पृ0उ0

ज्ञापांक–9A / विविध (महा–अभियान)– 07–12 / 2025–1631 (9A) / रा0, पटना–15, दिनांक–22/06/2026

प्रतिलिपिः– सभी अपर समाहर्त्ता, बिहार / सभी भूमि सुधार उप समाहर्त्ता, बिहार / सभी अंचल अधिकारी / सभी राजस्व अधिकारी / सचिव के प्रधान आप्त सचिव / विभागीय आई0टी0 मैनेजर, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

(मोनी झा)

उप निदेशक।